12वीं पास के बाद उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति पाने का मौका

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई), अजमेर ने हाल ही वर्ष 2019 की सीनियर सेकंडरी कला, वाणिज्य तथा विज्ञान परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज, विश्वविद्यालय में नियमित अध्ययन कर रहे विद्यार्थी जो टॉप 20 पर्सेंटाइल श्रेणी में आते हैं, उन्हें केन्द्रीय छात्रवृत्ति दी जाएगी। केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना 2019 के लिए स्टूडेंट्स मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दिव्यांग अभ्यर्थी भी इसमें आवेदन कर सकते हैं। खास बात है कि छात्रवृत्ति के नवीनीकरण के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत का मापदंड एमएचआरडी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2018-19 से ही शुरू होगा। स्टूडेंट्स की विभिन्न कैटेगरी के कट ऑफ मार्क्स की सूची बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

आवेदन की अंतिम तिथि: 31 अक्टूबर, 2019

योग्यता : अध्ययनरत पाठ्यक्रम में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो या समकक्ष ग्रेड के साथ उत्तीर्ण हो अथवा यदि सेमेस्टर प्रणाली है तो दोनों सेमेस्टर में औसत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो। साथ ही आवेदक की उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत हो।

छात्रवृत्ति : स्नातक स्तर तक प्रतिवर्ष दस हजार रुपए और स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए 20 हजार रुपए छात्रवृत्ति दी जाएगी।

Scanned with CamScanner